बाल दिवस

सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में बाल – दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। शिक्षक – शिक्षिकाओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से छात्र – छात्राएँ प्रफुल्लित हो गए। शिक्षिकाओं द्वारा एक लघु – नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसका उद्देश्य आज के परिवेश में छात्रों को अवनति के मार्ग से उन्नति के मार्ग पर ले जाना था। छात्र अत्यन्त प्रसन्न थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाच्चन ने शिक्षा के महत्व एवं कठिन परिश्रम पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की सफलता पर शिक्षक – शिक्षिकाओं को बधाई दी। प्राथमिक शिक्षिकाओं के सुन्दर नृत्य के रूप में ग्रैंडफिनाले के साथ कार्यक्रम अपनी पूर्णता को प्राप्त हुआ। छात्र प्रतिनिधि के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।